दिनांक 09.01.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

ठंड को देखते हुए प्रमुख चौंक चौराहो पर अलाव की व्यवस्था की गई है

भिलाईनगर। बड़ते हुए ठंड को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के सभी प्रमुख चौंक चौराहो पर प्रातः कालीन एवं संध्या कालीन अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। इससे स्थानीय निवासियो को ठंड से राहत मिल रही है। विशेष करके रिक्शा, आटो, सब्जी बेचने वाले एवं चलते हुए राहगीर हाथ सेक करके ठंड से राहत पा रहे है। शासन के आदेश के परिपालन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार गदा चौंक, सुपेला चौंक, पावर हाउस सब्जी मंडी, सुपेला सब्जी मंडी, लक्ष्मी मार्केट, अण्डा चौंक, अवंती बाई चौंक, विजय टाकिज फल मंडी, जलेबी चौंक आदि नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन में अलाव की व्यवस्था की गई है। झिल्ली पन्नी बिनने वाली फगनी बाई ने कहा कि सुबह–सुबह हाथ सेक लेते है, तो बहुत अच्छा लगता है, नहीं तो हाथ ठंड से ठिठूर जाता है। निगम द्वारा बहुत ही अच्छा व्यवस्था किया जा रहा है, जो हम जैसे लोगो का भी सुध लेता है।